आकाशवाणी श्री विजयपुरम

27.06.2025 समय : 1850

- द्वीपसमूह में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की वार्षिक रथ यात्रा शुरू।
- सरकार ने दिव्यांगजनों और बुजुर्ग नागरिकों की सुविधा के लिए सुगम्य भारत ऐप को नया रूप दिया है।
- राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए स्कूल शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन स्व–नामांकन आमंत्रित किए गए हैं।
- भारतीय स्टेट बैंक और ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से वित्तीय साक्षरता पर सत्र आयोजित।

<><><><><><>

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की विश्वप्रसिद्ध वार्षिक रथ यात्रा आज से शुरू हो रही है। इसमें भाग लेने के लिए देश–विदेश से लाखों श्रद्धालु एकत्रित हुए हैं। भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की शोभायात्रा आज सुबह भक्तिभाव और उत्साह के साथ निकाली गई। श्री विजयपुरम में भी आज भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रथ यात्रा उत्कल समाज से निकल कर शहर के विभिन्न भागों से होते हुए राजस्थान मंदिर तक गई। इस अवसर पर सुरक्षा और खान–पान के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे। रथ यात्रा के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

<><><><><><>

सरकार ने दिव्यांगजनों और बुजुर्ग नागरिकों की सुविधा के लिए सुगम्य भारत ऐप को नया रूप दिया है। उन्नत सुविधाओं में उपयोगकर्ताओं को कम समय में सहायता करने के लिए एआई संचालित चैटबॉट और विकलांग व्यक्तियों के लिए सरकारी योजनाओं और अन्य मूल्यवान संसाधनों का एकीकरण शामिल है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 2021 में इस ऐप को लॉन्च किया था। जो नागरिकों के लिए सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे, परिवहन तथा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी प्रणालियों में सुलभता के मुद्दों की रिपोर्ट करने के लिए एक आवश्यक मंच के रूप में कार्य करता है। अपनी स्थापना के बाद से, ऐप को लगभग तीन हज़ार शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से लगभग दो हज़ार का सफलतापूर्वक समाधान किया गया।

<><><><><><>

05 सितंबर, 2025 को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए स्कूल शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन स्व–नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। प्राथमिक, मध्य, उच्च, उच्चतर माध्यमिक के अंतर्गत मान्यता प्राप्त स्कूलों में कार्यरत सभी स्कूल शिक्षक और स्कूल प्रमुख इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। सेवानिवृत्त शिक्षक पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं, लेकिन उन शिक्षकों पर विचार किया जा सकता है जिन्होंने 30 अप्रैल तक अपनी सेवा प्रदान की है। शैक्षिक प्रशासक, शिक्षा निरीक्षक और प्रशिक्षण संस्थानों के कर्मचारी इन पुरस्कारों के लिए पात्र नहीं हैं। शिक्षक या प्रधानाध्यापक को ट्यूशन में लिप्त नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, नियमित शिक्षक और न्यूनतम 10 साल की सेवा प्रदान करने वाले स्कूल प्रमुख ही इसके लिए पात्र हैं। आवेदन nationalawardstoteachers.education.gov.in पर तेरह जुलाई तक जमा कर सकते हैं। हालाँकि, स्व–नामांकन के अंतिम प्रस्तुतीकरण की तिथि 15 जुलाई है।

<><><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक और ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से कल ग्रामीण विकास निदेशालय द्वारा वित्तीय साक्षरता के महत्व पर सत्र आयोजित किए गए। दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कर्मियों, सामुदायिक कैडर और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के लिए आयोजित अभिविन्यास–सह–मूल्यांकन कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता के विभिन्न घटकों जैसे बचत, निवेश, ऋण प्रबंधन और वित्तीय नियोजन को शामिल किया गया। प्रतिभागियों को अपने व्यवसाय और निवेश नीतियों के लिए ऋण सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। सामाजिक सुरक्षा योजना के लिए आवेदन करने की प्रक्रियाओं के बारे में भी बताया गया। प्रतिभागियों को साइबर धोखाधड़ी के बारे में भी जागरूक किया गया और। आर सेती के तहत उपलब्ध पाठ्यक्रमों में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को नामांकन करने के लिए प्रेरित किया गया। बैंक ने स्वयं सहायता समूहों की संस्थाओं को मजबूत करने और उनकी आजीविका के लिए विभिन्न वित्तीय अवसर प्रदान करने के लिए ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित रूप से वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित करने का भी आश्वासन दिया।

<><><><><><>

लोक निर्माण विभाग की ओर से स्कूल लाईन में पाईप लाइन ट्रेचिंग कार्य के कारण भूमिगत बिजली केबल अलग करने का कार्य किया जाएगा। इस सिलसिले में कल रात्रि दस बजे से उनतीस तारीख को सुबह दो बजे तक डॉलीगंज, पहाड़गांव, स्कूल लाइन और लंबा लाइन का कुछ हिस्से में बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी।

एच टी और एल टी लाईनों के रखरखाव के कारण कल टाइगर फीडर से संबंधित क्षेत्रों में सुबह आठ बजे से दिन में बारह बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। शोलबे–फरारगंज फीडर से भी सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली की कटौती की जाएगी।

<><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि देश के सतत आर्थिक विकास के लिए एक मजबूत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, एम.एस.एम.ई. तंत्र ज़रूरी है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह देश की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ है। आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय एम.एस.एम.ई. दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एम.एस.एम.ई. क्षेत्र देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि एम.एस.एम.ई. क्षेत्र ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि एम.एस.एम.ई. क्षेत्र देश में कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार सृजक है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम भारतीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था दोनों की रीढ़ हैं। उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर, रोजगार पैदा करके और समावेशी विकास को बढ़ावा देते हुए एम.एस.एम.ई. जमीनी स्तर पर आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ा रहे हैं।

<><><><><><>

कला और संस्कृति विभाग द्वीपसमूह से संबंधित विषयों पर एक लघु फिल्म प्रतियोगिता और साथ ही ऑनलाइन मोड के माध्यम से एक फोटो प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। इसका उद्देश्य द्वीपसमूह के इतिहास, सौंदर्य, संस्कृति और विरासत के बारे में जागरूकता पैदा करने और संरक्षित करना है। प्राकृतिक सौंदर्य और विरासत, इतिहास, समग्र संस्कृति, वनस्पतियों, जीवों, समुद्री जैव विविधता, पर्यटन जैसे विषयों पर प्रतियोगिता केंद्रित प्रतियोगिता के लिए आवेदन 30 जून की मध्यरात्रि भेजे जा सकते हैं। प्रत्येक प्रतिभागी को केवल एक प्रविष्टि जमा करने की अनुमति होगी। प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष तीन विजेताओं को एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जबकि अंडमान निकोबार प्रशासन से पुरस्कार के साथ यूटी स्तर पर मान्यता भी दी जाएगी। प्रतियोगिता का विवरण, नियम व शर्तें यहां अंडमान माई जी ओ वी पर उपलब्ध है।

<><><><><><>

शिक्षा निदेशालय के विज्ञान शाखा की ओर से नशा विरोधी कार्यक्रम के अंतर्गत आज 'मूवी दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर, छात्रों ने रील और मीम्स मेकिंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। रैपिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने गीत के माध्यम से समाज में नशीली दवाओं के खतरे के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। फिल्म निर्माता और INTACH, अंडमान निकोबार चैप्टर की संयोजक संहिता आचार्य ने 'मूवी मेकिंग' पर एक व्यावहारिक और इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया।

<><><><><><><>

आवास एवं संपदा विभाग की ओर से सरकारी कर्मचारियों से प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर, अंतिम वरिष्ठता सूची तैयार की गई है। सूची सामान्य पूल–आगा पोर्टल के होमपेज पर उपलब्ध है। आवेदक अपनी वरिष्ठता से संबंधित दावे और आपत्तियां अपने संबंधित अधिकारियों के माध्यम से दो जुलाई शाम 5 बजे तक सचिवालय स्थित आवास एवं संपदा सहायक सचिव के पास जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने युवाओं के लिए डिजिटल सेवाओं तक पहुँच को आसान बनाने के लिए माय भारत पोर्टल और व्हाट्सएप का एकीकरण शुरू किया है। व्हट्सएप चैटबॉट अब माय भारत पोर्टल पर उपलब्ध है और इस सुविधा को सीधे व्हाट्सएप नंबर 7–2–8–9–0–0–1–5–1–5 के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। व्हाट्सएप के माध्यम से माय भारत पोर्टल, डिजिटल सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए लाभकारी है।

<><><><><><><>